Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to provide funds for construction of pit line at Latur Railway Station, Maharashtra-laid.

श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगरे (लातूर): लातूर से नई रेल चलाने की सुविधा उपलबध कराने हेतु 2019 में लातूर रेलवे स्टेशन पर पिट लाईन के निर्माण की घोषणा की गई थी । इसके निर्मार्ण हेतु 14 करोड़ रूपयों की धनराशि भी निर्धारित की गई थी । परन्तु अब तक इस कार्य हेतु धनराशि उपलब्ध नहीं होने के कारण पिट लाईन का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है ।

लातूर बहुत ही व्यस्त् स्टेशन है । हजारों यात्री यहां से रेल सेवाओं का उपयोग करते हैं । शीघ्र ही यहां रेल कोच फैक्ट्री चालू होने वाली है जिसके कारण इस स्टेशन से यात्री व माल दोनों यातायात कई गुना बढ़ जाएंगे । लातूर स्टेशन पर पिट लाईन नहीं होने के कारण इस स्टेशन से विगत 70 सालों में एक भी नई रेल सेवा शुरू नहीं हो पाई है । मराठवाडा की जनता के फायदे के लिए नई रेल सेवाएं आरंभ करने हेतु इस स्टेशन पर पिट लाईन की उपलब्धता अति आवश्यक है ।

अत: इस सरकार से मेरा अनुरोध है कि लातूर स्टेशन पर पिट लाईन के निर्माण कार्य शुरू करवाने के लिए आवश्ययक धनराशि शीघ्रातिशीघ्र उपलब्धा कराई जाए तथा उस पर निर्माण कार्य समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाना सुनिश्चित किया जाए । सरकार से विशेष रूप से अनुरोध है कि इस कार्य के लिए आगामी बजट में आवश्यक धनराशि का प्रावधान कर दिया जाए ताकि लातूर स्टेशन में पिट लाईन का निर्माण कार्य आगामी वर्ष अर्थात् 2022 में पूरा करवाया जा सके ।